**अनुक्रमांक** __________ **नाम** ____________

**935** **829 (TU)**

# 2026
# वाणिज्य
## (Commerce)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :**

प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों, खण्ड-अ तथा खण्ड-ब में विभक्त है।

(iii) खण्ड-अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके सही उत्तर ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट कलम से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।

(iv) खण्ड-अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा व्हाइटनर का प्रयोग न करें।

(v) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) खण्ड-ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

(vii) खण्ड-ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

(viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) This question paper has two Parts - Part-A and Part-B.

(iii) Part-A consists of 20 multiple choice questions of one mark each that have to be answered on OMR Answer Sheet by darkening completely the correct circle with blue or black ballpoint pen.

(iv) For Part-A read the question-use instructions and mark your answer on the given OMR Answer Sheet only. Do not erase, cut or use whitener on the OMR Answer Sheet after answering.

(v) Marks of the questions are mentioned against them.

(vi) Part-B consists of descriptive type questions of 50 marks.

(vii) All the questions of Part-B are to be attempted all at a time.

(viii) Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.

## खण्ड - अ

## Part A

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**(Multiple Choice Questions)**

प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय हैं। निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार-चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुनकर क्रमवार ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर अंकित करें।

**1.** एक निश्चित तिथि को सभी सम्पत्तियों और दायित्वों के सारांश को कहते हैं : **1**

(A) तलपट

(B) लाभ-हानि खाता

(C) आर्थिक चिट्ठा

(D) कोष प्रवाह विवरण

*A summary of all assets and liabilities on a particular date is called:* **1**

(A) Trial Balance

(B) Profit & Loss Account

(C) Balance Sheet

(D) Fund Flow Statement

**2.** निम्न में से कौन सी मद व्यापार खाते से संबंधित है ? **1**

(A) वेतन

(B) मजदूरी

(C) वेतन एवं मजदूरी

(D) इनमें से सभी

*Which of the following items is associated with Trading Account?* **1**

(A) Salary

(B) Wages

(C) Salary and wages

(D) All of these

**3.** बैंक समाधान विवरण कौन तैयार करता है ? **1**

(A) व्यापारी

(B) देनदार

(C) लेनदार

(D) बैंक

*Who prepares Bank Reconciliation Statement?* **1**

(A) Trader

(B) Debtor

(C) Creditor

(D) Bank

**4.** पोस्ट-डेटेड चेक क्या है ? **1**

(A) पिछली तारीख वाला चेक

(B) भविष्य की तारीख वाला चेक

(C) रद्द किया हुआ चेक

(D) इनमें से कोई नहीं

*What is post-dated cheque?* **1**

(A) Cheque dated in past

(B) Cheque dated in future

(C) Cancelled cheque

(D) None of these

**5.** एक बिल 31 दिसम्बर, 2024 को 2 माह का लिखा गया। इसकी देय तिथि होगी : **1**

(A) 1 मार्च, 2025

(B) 2 मार्च, 2025

(C) 3 मार्च, 2025

(D) 4 मार्च, 2025

*A bill was drawn on 31st December, 2024 for two months. Its due date will be:* **1**

(A) 1st March, 2025

(B) 2nd March, 2025

(C) 3rd March, 2025

(D) 4th March, 2025

**6.** एक फर्म जिसके अधिक ग्राहक हों, उसके लिए उपयुक्त फाईलिंग प्रणाली है : **1**

(A) खड़ी फाइल

(B) शैनन फाइल

(C) तार फाइल

(D) इनमें से सभी

*A firm which has more customers, the suitable file system for it is:* **1**

(A) Vertical file

(B) Shannon file

(C) Wire file

(D) All of these

**7.** कार्ड अनुक्रमणिका का आविष्कार किसने किया ? **1**

(A) ग्राहम बेल

(B) हेनरी फोर्ड

(C) ग्रेस

(D) एबे रोजियर

*Who invented card indexing?* **1**

(A) Graham Bell

(B) Henry Ford

(C) Grace

(D) Abe Rosier

**8.** थोक व्यापार सम्बन्धित है : **1**

(A) उत्पादन कार्य से

(B) राजनीति से

(C) बड़े पैमाने पर उत्पादक से खरीद से

(D) इनमें से कोई नहीं

*Wholesale trade is related with:* **1**

(A) Production work

(B) Politics

(C) Purchase at large scale from producer

(D) None of these

**9.** समय एवं श्रम बचाने वाले साधन हैं : **1**

(A) कम्प्यूटर

(B) टाइपराइटर

(C) समय लेखन मशीन

(D) इनमें से सभी

*Time and labour saving appliance is:* **1**

(A) Computer

(B) Typewriter

(C) Time Recorder machine

(D) All of these

**10.** टेलीफोन का आविष्कार किसने किया था ? **1**

(A) एलेक्जेण्डर ग्राहम बेल

(B) चार्ल्स बैबेज

(C) ब्लेज पास्कल

(D) एलेक्जेण्डर बेन

*Who invented the telephone?* **1**

(A) Alexander Graham Bell

(B) Charles Babbage

(C) Blaise Pascal

(D) Alexander Bain

**11.** सहकारी बैंक मुख्य रूप से किस स्तर पर कार्य करते हैं ? **1**

(A) राज्य और स्थानीय स्तर

(B) राष्ट्रीय स्तर

(C) अन्तरराष्ट्रीय स्तर

(D) वैश्विक स्तर

*Co-operative banks operate mainly at which level?* **1**

(A) State and local level

(B) National level

(C) International level

(D) Global level

**12.** जमा स्वीकार करना बैंक का .........कार्य है। **1**

(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) सामाजिक

(D) इनमें से सभी

*Accepting deposit is .........function of Bank.* **1**

(A) Primary

(B) Secondary

(C) Social

(D) All of these

**13.** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एक .........बैंक है। **1**

(A) निजी

(B) सार्वजनिक उपक्रम

(C) सहकारी

(D) विदेशी

*State Bank of India is a .........Bank.* **1**

(A) Private

(B) Public sector

(C) Co-operative

(D) Foreign

**14.** भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना हुई : **1**

(A) 1932 में

(B) 1935 में

(C) 1949 में

(D) 1955 में

*Reserve Bank of India was established in:* **1**

(A) 1932

(B) 1935

(C) 1949

(D) 1955

**15.** देशी बैंकर्स के अभिलेख क्या कहलाते थे ? **1**

(A) बही-खाता

(B) नकद पुस्तिका

(C) चेक रजिस्टर

(D) इनमें से सभी

*The records of indigenous bankers were called:* **1**

(A) Bahi-Khata

(B) Cash book

(C) Cheque register

(D) All of these

**16.** निम्नलिखित में से सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम किस पर आधारित है ? **1**

(A) प्रत्याय के नियम

(B) पूर्ति के नियम

(C) मांग का नियम

(D) इनमें से कोई नहीं

*Which one of the following is the basis of diminishing marginal utility?* **1**

(A) Law of returns

(B) Law of supply

(C) Law of demand

(D) None of these

**17.** कौन सा व्यय विलासिता में आता है ? **1**

(A) भोजन

(B) शिक्षा

(C) दवा

(D) हीरे का हार

*Which expenditure comes under luxury?* **1**

(A) Food

(B) Education

(C) Medicine

(D) Diamond necklace

**18.** बचत के कारण समाज में किस प्रकार की स्थिरता आती है ? **1**

(A) आर्थिक स्थिरता

(B) राजनैतिक स्थिरता

(C) सांस्कृतिक स्थिरता

(D) इनमें से सभी

*What type of stability arises in society due to saving?* **1**

(A) Economic stability

(B) Political stability

(C) Cultural stability

(D) All of these

**19.** भूमि की मात्रा .........है। **1**

(A) सीमित

(B) असीमित

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

*The amount of land is:* **1**

(A) Limited

(B) Unlimited

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

**20.** निम्न में से कौन-सी क्रिया अर्थशास्त्र की दृष्टि से श्रम है ? **1**

(A) डकैती

(B) तस्करी

(C) चेन खींचना

(D) इनमें से कोई नहीं

*Which of the following activities is labour from the point of view of economics?* **1**

(A) Robbery

(B) Smuggling

(C) Chain pulling

(D) None of these

## खण्ड - ब

## Part B

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**(Very Short Answer Type Questions)**

**1.** चेक के अनादरण के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिये। **2**

*Mention any two reasons for dishonour of a cheque.* **2**

**2.** समय तथा श्रम बचाने वाले दो ऐसे यन्त्रों के नाम लिखिए जो व्यवसाय में प्रयुक्त किये जाते हों। **2**

*Name any two time and labour saving devices which are used in business.* **2**

**3.** वाणिज्यिक बैंक के दो कार्यों को बताइये। **2**

*State two functions of commercial bank.* **2**

**4.** विनिमय विपत्र के पक्षकारों के नाम लिखिये। **2**

*Write the names of parties of Bill of exchange.* **2**

**5.** उत्पादन के साधन के रूप में 'श्रम' की दो विशेषताओं का वर्णन कीजिये। **2**

*Describe any two characteristics of 'labour' as a factor of production.* **2**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Short Answer Type Questions)

**6.** बैंक समाधान विवरण को परिभाषित कीजिये। बैंक समाधान विवरण बनाने की क्या आवश्यकता है ? **4**

*Define Bank Reconciliation Statement. What is the necessity of preparing Bank Reconciliation Statement?* **4**

**7.** 'टाइपराइटर' के बारे में संक्षिप्त लेख लिखिये। **4**

*Write a short essay about "Typewriter".* **4**

**8.** बैंक द्वारा साख का सृजन किस प्रकार किया जाता है ? **4**

*How is credit created by Bank?* **4**

**9.** बचत के सामाजिक महत्व का वर्णन कीजिये। **4**

*Describe the social importance of saving.* **4**

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)
## (Long Answer Type Questions)

**10.** मे० सन्तोष इन्टरप्राइजेज, गाजीपुर के निम्नलिखित तलपट से 31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता तथा आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिये : **8**

### तलपट 31 दिसम्बर, 2024

| खातों के नाम | धनराशि (रु०) | खातों के नाम | धनराशि (रु०) |
|---|---|---|---|
| क्रय | 33,000 | पूंजी | 34,500 |
| क्रय पर भाड़ा | 500 | विक्रय | 53,000 |
| भवन | 22,000 | विविध लेनदार | 12,000 |
| विक्रय वापसी | 1,600 | कमीशन | 500 |
| प्राप्य बिल | 4,000 | | |
| मजदूरी | 2,000 | | |
| रोकड़ | 3,800 | | |
| बैंक | 5,200 | | |
| अशोध्य ऋण | 600 | | |
| वेतन | 3,200 | | |
| कर एवं बीमा | 2,200 | | |
| विविध देनदार | 10,600 | | |
| प्रारम्भिक रहतिया | 11,300 | | |
| **योग** | **1,00,000** | **योग** | **1,00,000** |

**समायोजनायें :**

(i) भवन पर 10% वार्षिक ह्रास लगाना है।

(ii) बीमा के रु० 100 पूर्वदत्त और कमीशन के रु० 200 उपार्जित हैं।

(iii) वेतन का रु० 300 और मजदूरी का रु० 200 बाकी है।

(iv) अंतिम रहतिया का मूल्य रु० 10,000 था।

**अथवा / OR**

प्रतिज्ञा पत्र से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताओं को बताइये तथा इसका एक नमूना दीजिये। **2+3+3 = 8**

*Prepare Trading Account, Profit & Loss Account and Balance Sheet of M/s Santosh Enterprises, Ghazipur for the year ending on 31st December, 2024 from the following Trial Balance:* **8**

**Trial Balance as on 31st December, 2024**

| **Names of the Accounts** | **Amount (Rs.)** | **Names of the Accounts** | **Amou** |
|---|---|---|---|
| Purchases | 33,000 | Capital | |
| Freight on purchases | 500 | Sales | |
| Building | 22,000 | Sundry creditors | |
| Sales Return | 1,600 | Commission | |
| Bills Receivable | 4,000 | | |
| Wages | 2,000 | | |
| Cash | 3,800 | | |
| Bank | 5,200 | | |
| Bad Debts | 600 | | |
| Salary | 3,200 | | |
| Tax and Insurance | 2,200 | | |
| Sundry debtors | 10,600 | | |
| Opening stock | 11,300 | | |
| **Total** | **1,00,000** | **Total** | |

*Adjustments:*

(i) To be charged depreciation on building 10% p.a.

(ii) Insurance of Rs. 100 is prepaid and commission of Rs. 200 is accrued.

(iii) Salary of Rs. 300 and wages of Rs. 200 are outstanding.

(iv) The value of closing stock was Rs. 10,000.

*OR*

*What do you understand by promissory note? State its characteristics and give a specimen of it.* **2+3+3 = 8**

**11.** जनता ट्रेडिंग कम्पनी, स्टेशन रोड, ललितपुर ने गोपाल एण्ड कम्पनी, कानपुर की ओर से निम्न माल बेचा :

- 100 मीटर पैंट लेन्थ दर रु० 750 प्रति मीटर
- 120 मीटर शार्टिंग नं० 746 दर रु० 500 प्रति मीटर
- 90 कांचीपुरम सिल्क साड़ी दर रु० 1,000 प्रति साड़ी

अभिकर्ता ने निम्न व्यय किये :

रेल भाड़ा रु० 1,600; ठेला भाड़ा रु० 250; दुकान किराया रु० 2,000; बीमा रु० 400 एवं विविध व्यय रु० 150। उन्हें विक्रय पर 3% कमीशन मिलता है।

विक्रय-विवरण बनाइये। **8**

**अथवा / OR**

थोक व्यापारी से आप क्या समझते हैं ? इसके द्वारा प्रदत्त की जाने वाली सेवाओं का उल्लेख कीजिए। **2+6 = 8**

*Janta Trading Company, Station Road, Lalitpur sold the following goods on behalf of M/s Gopal & Company, Kanpur:*

- 100 metre Pant length @ Rs. 750 per metre
- 120 metre Shirting no. 746 @ Rs. 500 per metre
- 90 Kanchipuram Silk sarees @ Rs. 1,000 per Saree

*The agent has made the following expenses:*

*Rail Freight Rs. 1,600; Cartage Rs. 250; Shop Rent Rs. 2,000; Insurance Rs. 400 and Miscellaneous expenses Rs. 150. He gets 3% commission on sales.*

*Prepare sales statement.* **8**

*OR*

*What do you understand by wholesaler? Mention the services rendered by him.* **2+6 = 8**

**12.** हमारे देश में सहकारी बैंकों की असफलता के क्या कारण हैं ? इन्हें उपयोगी बनाने के लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिए ? **4+4 = 8**

**अथवा / OR**

उपयोगिता को परिभाषित कीजिये। उपयुक्त उदाहरण द्वारा कुल उपयोगिता तथा सीमांत उपयोगिता में अन्तर कीजिये। **2+6 = 8**

*What are the causes of failure of the co-operative banks in our country? What steps should be taken to make them useful?* **4+4 = 8**

*OR*

*Define utility. Distinguish between total utility and marginal utility with suitable example.* **2+6 = 8**